## एक नजर में

### पूर्वोत्तर रेलवे में ब्लॉक के कारण दो ट्रेनें निरस्त

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें, उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर-गोंडा खंड में तीसरी लाइन एवं गोरखपुर - आनंद नगर रेल खंड में दोहरीकरण के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली दो ट्रेनें निरस्त रहेगी। 27 सितम्बर 2025 को रक्सौल से चलने वाली गाड़ी संख्या 05559 रक्सौल - उधना स्पेशल निरस्त रहेगी। इसी प्रकार, 28 सितम्बर 2025 को उधना से चलने वाली गाड़ी संख्या 05560 उधना - रक्सौल स्पेशल निरस्त रहेगी।

### आईडब्लुसी रतलाम सिल्वर द्वारा प्रशिक्षण शिविर संपन्न




**रतलाम।** इनरव्हील क्लब ऑफ रतलाम सिल्वर की अध्यक्ष ज्योति चौधरी द्वारा बतलाया गया की क्लब द्वारा सेवा भारती रतलाम द्वारा संचालित हाटकी चौकी पर महिलाओं और बालिकाओं के लिए आत्म स्वावलंबन प्रशिक्षण केन्द्र पर 19 से 21 सितंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण क्लब एडिटर निशी सक्सेना द्वारा दिया गया। जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को सॉफ्ट टॉय बनाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। इसमें सहयोग सचिव रंजना कौशल तथा मेम्बर निधि अग्रवाल द्वारा किया गया। उक्त जानकारी सरोज जैन ने दी।

### शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करें-कलेक्टर

**रतलाम।** कलेक्टर राजेश बाथम ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री बाथम ने संबंधित अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री बाथम ने स्वास्थ्य विभाग को 108 एम्बुलेंस वाहन के संचालन से संबंधित सी एम हेल्पलाइन की शिकायतो का निराकरण करने एवं एम्बुलेंस के संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान के संबंध में भोपाल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मेडिकल कालेज एवं शिक्षा विभाग में लंबित शिकायतों का निराकरण कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करने एवं जिन शिकायतों का निराकरण नही किया जा सकता, उन्हें फोर्स क्लोज करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री बाथम ने शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को कैम्प लगा कर शिकायतों का निराकरण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव सहित संबंधित विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### स्वच्छता उत्सव में सफाईकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार रतलाम जिले में कलेक्टर राजेश बाथम के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रतलाम शहरी क्षेत्र में नगर निगम के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 100 से अधिक सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक जांच एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में डॉ. रितु अलावा, डॉ. प्रदीप मंगरिया, डॉ. जयंत बघेल, राजू राठौर द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी राजेंद्र सिंह पंवार, डीपीएम डॉ. प्रमोद प्रजापति, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल उपस्थित थे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत नामली में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रतलाम/नामली।** जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का संचालन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य देश की महिलाओं को स्वास्थ के प्रति सजग करना है। अभियान में महिलाओं हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ केंद्र पर किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नामली में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार और कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष अनीता रजनीश परिहार द्वारा किया गया। शिविर नेत्रहीनता नियंत्रण, वृद्ध जन देखभाल, मुंह एवं दंत के रोग, मानसिक रोग स्वास्थ, कैंसर, एनीमिया तथा सिकल सेल जांच, क्षय स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, पोषण एवं ई-केवायसी पंजीयन किया गया। शिविर में मेडिकल कॉलेज रतलाम एवं जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशन, चर्म रोग विशेषज्ञ मेडिकल कालेज और जिला चिकित्सालय रतलाम से विशेषज्ञों द्वारा जांच और उपचार किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष पूजा नाथ योगी, अध्यक्ष प्रतिनिधि रजनीश परिहार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नाथ योगी, दिनेश जाट, पूर्व सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल कर्णधार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश मंडलोई, बी ई ई इसरत जहां, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर प्रवीण गामड़, कुष्ठ शाखा रतलाम शरद शुक्ला, दीपक उपाध्याय, टी. बी. सुपरवाइजर विजय निनामा और समस्त नामली हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहे।

# दो व्यावसायिक फर्मों पर जीएसटी की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर की प्रतिष्ठित दो फर्मों पर इन्दौर से आई जीएसटी की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई की। टीमों द्वारा दस्तावेजों की जांच की जा रही हैं। प्रारंभिक जानकारी में जीएसटी चोरी और अनियमितता को लेकर कार्रवाई होना बताया जा रहा हैं।

- प्रकाश ट्रेडर्स और राठी मशीन फर्म पर कार्रवाई
- इन्दैर से 6 से अधिक वाहनों में आई टीम




मंगलवार को इन्दौर से आई जीएसटी की टीम ने शहर के दो बड़े व्यवसायिक फर्मों पर कार्रवई की। टीम ने एक साथ फ्रिगंज रोड क्षेत्र स्थित प्रकाश ट्रेडर्स और राठी मशीन फर्म पर कार्रवाई शुरू की। जैसे ही जीएसटी सर्वे की सूचना शहर में फैली तो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया।

मंगलवार को इन्दौर से 6 से अधिक वाहनों में टीम शहर पहुंची। इन टीम ने शहर के दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई शुरू की। प्रतिष्ठानों के बाहद पुलिस बल भी तैनात किया गया। बताय जा रहा है कि जिन स्थानों पर कार्रवाई हुई है, वह कृषि उपकरण विक्रय और रियल स्टेट कारोबार से जुड़े हुए हैं।

#### ट्रैक्स चोरी,अनियमिता का शक

अधिकारियों ने दुकान में रखे फाइल, दस्तावेज और लैपटॉप की जांच की हैं। प्रतिष्ठान के बाहर पुलिस जवान तैनात किए गए और अंदर किसी को नहीं आने दिया गया। सूत्रों के अनुसार इन फार्मों पर जीएसटी चोरी और टैक्स अनियमितताओं का संदेह हैं। बताया जा रहा है कि कृषि उपकरणों की बिक्री में जीएसटी के नियमों का सही पालन नही करते हुए टैक्स नहीं चुकाया गया हैं। सूत्रों के अनुसार जीएसटी में कमी के बावजूद अधिक राशि वसूलने की भी उच्च स्तर पर शिकायत होना बताया जा रहा हैं।

# खेतों में काम कर रहे लोगों पर सियार ने किया हमला,कई ग्रामीण हुए घायल

**रतलाम।** खेतों में काम रहे ग्रामीणों ने बीती देर शाम सियार ने हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण घायल हो गए, जिनका उपचार किया। वहीं ग्रामीणों ने सियार को तलाश कर उसे मार दिया।

जानकारी के अनुसार जिले के नामली थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ी और भदवासा में जंगली जानवर ने बीती शाम आधा दर्जन ग्रामीणों व बकरियों पर हमला कर घायल कर दिया। हमला खेतों में काम कर रहे लोगों पर हुआ। रात में ग्रामीणों ने जानवर की तलाश कर उसे मार दिया। हमा करने वाला जानवर सियार बताया जा रहा हैं, जिसने गाय, भैंस और बकरी पर भी हमला किया था। जंगली जानवर के हमले की जानकारी दोनों गांव में फेल गई। नामली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं भदवासा के ग्रामीणों ने रात में ही हमला करने वाले जानकारी की तलाशना शुरू किया। एक स्थान पर मिलने पर लोगों ने उसे लाठियों से पीट कर मार डाला।

#### यह हुए घायल

हमले में लक्ष्मण पिता मांगीलाल जाट 50 वर्ष, कंचन पति लक्ष्मण जाट 45 वर्ष, मंजू पति कैलाश 52 वर्ष निवासी सिखेड़ी एवं शाहीद पिता शेर खां 27 वर्ष, रवीना पिता भंवरलाल 12 वर्ष, रमेश शर्मा 60 वर्ष सहित अन्य घायल हो गए। वहीं सियार ने 8 बकरियों और घायल को भी निशाना बनाया।




## एड्स से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकाली

**रतलाम।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार रतलाम जिले में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य में एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि वह एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके, जांच एवं उपचार आदि के संबंध में जागृत हो सके तथा समस्त उपचार सेवाओं का अधिकारिक लाभ ले सके। सीएमएचओ डॉ. संध्या बेलसरे ने जिला स्तर से जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। रैली को जिला चिकित्सालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली में जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक अरोरा, डीपीएम डॉ प्रमोद प्रजापति, एपिडेमियो लॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल, पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर जय सिंह सिसोदिया आदि ने भागीदारी की।

# यातायात पुलिस ने लगाई स्कूल में ट्रैफिक पाठशाला

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा आमजनों को जागरूक करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत नवाजार करते हुए यातायात विभाग ने स्कूल में ट्रैफिक पाठशाला की पाठशाला लगाई।

**यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस का आयोजन**



कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ एवं लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को ट्रैफिक एजुकेशन, ट्रैफिक इंजीनियरिंग, ट्रैफिक एनफोर्समेंट और इमरजेंसी केयर की जानकारी दी गई। शासन की कैशलेस स्कीम एवं राहवीर योजना की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई।

बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने यातायात संबंधी प्रश्न पूछकर सक्रिय सहभागिता दर्ज की। पाठशाला में बताया गया कि वाहन चलाते समय आवश्यक कागजात कौन-कौन से रखना अनिवार्य हैं? किस आयु में कौन सा वाहन चलाने की पात्रता है? जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न बच्चों द्वारा पूछे गए, जिनका उत्तर देकर उन्हें विस्तार से समझाया गया।

#### जागरूकता पखवाड़ा

एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश खाखा एवं विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में रतलाम पुलिस द्वारा 15 दिवसीय यातायात सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में साईं श्री इंटरनेशनल अकैडमी में ट्रैफिक पाठशाला का आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनंद स्वरूप सोनी द्वारा बच्चों को यातयात के नियमों के बारे में जागरूक किया।

## स्वस्थ रहे आयुर्वेद विषय पर हुआ व्याख्यान

**जावरा।** मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग भोपाल के निर्देशन और जिला आयुष अधिकारी डॉ दाताराम जयंत के मार्गदर्शन में दशम आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिये थीम पर कार्ययोजना अनुसार गतिविधियों का आयोजन शासकीय आयुर्वेद औषधालय, जावरा द्वारा सांदीपनि स्कूल में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भारतीय चिकित्सा में आयुर्वेद का महत्व और आयुर्वेदाचार्य, विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान को शील्ड प्रदान की गई, अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। स्वस्थ रहे आयुर्वेद से, विषय पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय पटेल द्वारा व्याख्यान दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य श्री राजेंद्र बोस और संजय श्रीवास्तव सर ,समस्त शिक्षक,डॉ पूजा भूरा उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी शिवराज सिंह तोमर द्वारा दी गई ।

# उज्जैन यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते ट्रेनें प्रभावित




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** संरक्षा, सुरक्षा और सुचारू ट्रेन परिचालन को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के उज्जैन रेलवे स्टेशन यार्ड में रिमॉडलिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते उज्जैन स्टेशन से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

संचालन प्रभावित ट्रेनों में 4 एवं 5 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 59346 नागदा - रतलाम पैसेंजर निरस्त रहेगी। 4 एवं 5 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 59345 रतलाम - नागदा पैसेंजर निरस्त रहेगी। वहीं 4 एवं 5 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 19341 नागदा - बीना एक्सप्रेस उज्जैन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा नागदा से उज्जैन के बीच निरस्त रहेगी। 4, 5 एवं 6 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 69214 इंदौर - उज्जैन मेमू चिंतामन गणेश स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा चिंतामन गणेश से उज्जैन के बीच निरस्त रहेगी। 4, 5 एवं 6 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 69213 उज्जैन - इंदौर मेमू चिंतामन गणेश स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा उज्जैन से चिंतामन गणेश के बीच निरस्त रहेगी।

#### यह ट्रेनें रेगुलेट की

5 अक्टूबर 2025 - गाड़ी संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस - बढ़नी स्पेशल मार्ग में 2 घंटे रेगुलेट होगी। 6 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 22193 दौंड - ग्वालियर एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी। गाड़ी संख्या 19342 बीना - नागदा एक्सप्रेस 1 घंटा 30 मिनट रेगुलेट होगी। गाड़ी संख्या 19168 वाराणसी सिटी - अहमदाबाद एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी। गाड़ी संख्या 19340 भोपाल - दाहोद एक्सप्रेस 40 मिनट रेगुलेट होगी। गाड़ी संख्या 20155 डॉ. अंबेडकर नगर - नई दिल्ली एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी। गाड़ी संख्या 22944 इंदौर - दौंड एक्सप्रेस 20 मिनट रेगुलेट होगी।

#### इनका किया मार्ग परिवर्तित ट्रेनें

4 एवं 5 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 14115 डॉ. अंबेडकर नगर - प्रयागराज एक्सप्रेस अब डॉ. अंबेडकर नगर - इंदौर - देवास - उज्जैन मार्ग से चलेगी। 3 एवं 4 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 17606 भगत की कोठी - काचेगुडा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रतलाम - फतेहाबाद चंद्रावतिगंज - लक्ष्मीबाई नगर - देवास - मक्सी से चलेगी और इस दौरान उज्जैन स्टेशन पर नहीं जाएगी।




## झूठे आवेदन के आधार पर सरकारी नल काटा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** डॉ. देवीसिंह कॉलोनी में सरकारी नल कनेक्शन के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही थी। कॉलोनी की दो महिलाओं ने झूठे आवेदन पत्र के आधार पर सरकारी नल काट दिये गये हैं। अब पानी के लिए परेश्यान होना पड़ रहा हैं। यह शिकायत मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कलेक्टर से की गई। डॉ. देवीसिंह कॉलोनी के रहवासियों ने आवेदन दिया कि कॉलोनी में सरकारी नल कनेक्शन के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही थी। कॉलोनी की दो महिलाओं ने झूठे आवेदन पत्र के आधार पर सरकारी नल काट दिये गये हैं। नगर निगम द्वारा आश्वासन दिया गया कि जब तक नल नही लगेंगे तब तक पानी के टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की जाएगी। लेकिन दो महिलाओं ने पार्षद से कहकर टेंकर की सुविधा बंद करवा दी। आज दिनांक तक कॉलोनी में नल कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। हम रहवासियों को 5 किमी. दूर से पानी लाना पड़ता है। निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर राजेश बाथम एवं एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 105 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।




# तीन दिवसीय महोत्सव के तहत अग्रवाल समाज ने किए विभिन्न धार्मिक आयोजन

जावरा। अग्रवाल समाज महासभा द्वारा अग्रसेन जयंती पर तीन दिवसीय महोत्सव मनाया गया। शनिवार को अग्रवाल समाज महासभा,अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल ग्रुप के सामूहिक तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 82 यूनिट रक्तदान हुआ। उसके पश्चात 2 दिन तक अग्रवाल समाज के बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा नानीबाई का मायरा की प्रस्तुति दी गई ,जिसकी समाज में सराहना हुई। सोमवार शाम 4 बजे कोठी बाजार स्थित राधेश्याम मंदिर से धार्मिक धुन पर महाराजा अग्रसेनजी का चल समारोह निकला। पीछे बग्गी में अग्रसेन महाराजजी चित्र,। यात्रा प्रमुख मार्गो से होती हुई मंदिर पहुंची। जगह-जगह यात्रा का समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। उसके पश्चात महाराजा अग्रसेनजी की आरती निजी रिसॉर्ट में हुई । एक से पांच तक के बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में आभार महासचिव द्वारा व्यक्त किया गया।

## हुसैन टेकरी शरीफ ने रचा इतिहास, वक्फ बोर्ड में प्रदेश स्तर पर मिला पहला स्थान



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हुसैन टेकरी शरीफ पर इस बार केवल आस्था ही नहीं बल्कि प्रशासनिक उत्कृष्टता के कारण भी सुर्खियों में है। वर्ष 2024-25 के लिए मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा आयोजित वार्षिक मूल्यांकन में, हुसैन टेकरी शरीफ ने प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यह सम्मान अब्दुल हकीम खान को उनके प्रथम कार्यकाल की पहली ही जिम्मेदारी में मिला है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने वक्फ का आय-व्यय पत्रक समय पर और पूर्ण रूप से प्रस्तुत किया, जो बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप रहा। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए भोपाल स्थित मप्र राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा कैबिनेट मंत्री डॉ. सनवर पटेल के हाथों अब्दुल हकीम खान को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह पहला अवसर है जब हुसैन टेकरी शरीफ को प्रशासनिक स्तर पर प्रदेश स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ है। टेकरी अब केवल श्रद्धा ही नहीं, जिम्मेदारी का भी प्रतीक बन चुकी है कार्यपालन अधिकारी अब्दुल हकीम खान का कहना है की देशभर से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हुसैन टेकरी, अब प्रशासनिक आदर्श का उदाहरण भी बन गई है। वर्षों से धार्मिक आयोजनों और मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध इस हुसैन टेकरी का नाम अब प्रशासनिक उत्कृष्टता के मानचित्र पर भी दर्ज हो चुका है।



# सांवरिया मित्र मंडल के कार्यक्रम में गरबों की धूम

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** नगर की एक ऐसी सामाजिक, धार्मिक संस्था जिसके अध्यक्ष स्वयं सांवरिया सेठ है। संस्था भी उनके नाम से ही जानी जाती है। जी हां, श्री सांवरिया मित्र मंडल स्टेशन रोड जावरा इसका नाम रखा गया है। खास बात यह है कि मण्डल द्वारा कार्यक्रम के दौरान बुलाए गए अतिथियों से किसी प्रकार का चंदा नहीं लिया जाता है। इसके संरक्षक पद की जिम्मेदारी राजेश शर्मा को सौंपी गई है। जबकि सचिव पद का दायित्व सैमसंग शो रूम के ऑनर पुष्पेंद्र सिंह गम्भीर बम्पी भय्या को मिला है। जो अपनी टीम के साथ निस्वार्थ भाव से यहां सेवाएं दे रहे हैं। इस मित्र मंडल द्वारा गत 9 वर्षों से निरन्तर नवरात्र के दौरान गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। हर साल की तरह इस साल भी श्री सांवरिया मित्र मंडल द्वारा स्टेशन रोड पर गरबा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो 9 दिन तक चलेगा। इसमें 48 बालिकाएं प्रतिदिन गरबा नृत्य करने पहुंचती है। रंग-बिरंगे परिधान पहने विशेष संगीत व ताल पर बालिकाओं द्वारा किए जा रहे गरबा रास को देखने बडी संख्या में महिला-पुरूष व बच्चे पांडाल पर पहुंचते हैं।